## बाइकों की आमने-सामने भिड़न्त में दो युवक घायल

**तिलकपुर अण्डरपास के पास हुआ हादसा, गंभीर रूप से घायल युवक की हालत नाजुक**

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत पुलिस चौकी अंतर्गत तिलकपुर गांव स्थित अंडरपास के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहां पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, तिलकपुर गांव निवासी गौरी शंकर उर्फ देवा (२८) पुत्र श्रीनाथ बिंद अपने मित्र अजय वर्मा (२५) पुत्र कमल कुमार वर्मा निवासी माधोपुर बरौत के साथ बाइक से बरौत से हंडिया की ओर जा रहे थे। अंडरपास के पास मुड़ते समय सामने से आ रही अज्ञात बाइक से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गयी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये।

सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस चालक शैलेश कुमार और टेक्नीशियन विवेक यादव ने दोनों को सीएचसी ऊपरदहां पहुंचाया। चिकित्सकों ने गौरी शंकर की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया, जबकि अजय वर्मा का सीएचसी में उपचार किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद मौके पर दोनों युवकों के नशे में होने की चर्चा रही, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। खबर लिखे जाने तक गौरी शंकर की हालत नाजुक बतायी जा रही थी।



माता मसुरिया धाम अमिलिया में पीस कमेटी की बैठक में हंगामा करते लोग।

## मसुरिया धाम मेले की हिस्सेदारी को लेकर भिड़े दो पक्ष

**राजस्व अधिकारियों की गैरमौजूदगी में बैठक बेनतीजा**

लालापुर (प्रयागराज)। माता मसुरिया धाम अमिलिया में अगहन मास की प्रतिपदा से शुरू होने वाला वार्षिक मेला करीब एक महीने तक चलता है। मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को लालापुर थाने में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई। एसीपी बारा वेद व्यास मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मेले की व्यवस्थाओं और हिस्सेदारी को लेकर चर्चा शुरू हुई, लेकिन कुछ ही देर में माहौल गरमा गया।

मेले में हिस्सेदारी को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और बहसबाजी होने लगी। पुलिस अधिकारियों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया तो एक व्यक्ति ने तैश में आकर अपना मोबाइल फोन फेंक दिया। काफी देर तक चली गहमागहमी के बावजूद विवाद का समाधान नहीं हो सका। बताया गया कि विवाद राजस्व विभाग से जुड़ी हिस्सेदारी का है, लेकिन बैठक में तहसील प्रशासन का कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। ऐसे में कोई निर्णय नहीं हो सका और बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। अब विवाद के समाधान के लिए राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक कर निर्णय लेने की जरूरत बताई जा रही है। बैठक में ग्राम प्रधान लालापुर शंकर लाल पांडेय, ग्राम प्रधान अमिलिया राजू उपाध्याय, त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी, दिनेश प्रकाश, विजय बहादुर, अर्जुन तिवारी, रत्नेश कुमार, ओम कुमार, सुरेंद्र कुमार, बब्बू, बाल गोविंद, राम प्रसाद, नीरज, विजय कुमार, राम बहादुर सिंह, राम बालक सिंह, कुलदीप पांडेय और पंडित अंकित द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फोन हैक कर खाते से उड़ाये १.१५ लाख रुपये

**१७ बार में निकाली गयी रकम, पीड़ित ने घूरपुर थाने में दी तहरीर**

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर थाना क्षेत्र के खुरिया कैरी गांव निवासी समशेर सिंह के बैंक खाते से साइबर ठगों ने १.१५ लाख रुपये पार कर दिये। आरोप है कि ठगों ने पहले उनका मोबाइल फोन हैक किया और फिर उनके नाम पर दूसरी सिम चालू कराकर ८ और ९ नवंबर के बीच १७ बार में खाते से रकम निकाल ली। पीड़ित ने घूरपुर थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

समशेर सिंह के मुताबिक, उनका खाता बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक में है। खाते से जुड़े मोबाइल नंबर पर लेनदेन का कोई संदेश या सूचना नहीं मिली। आरोप है कि ठगों ने पांच हजार और १० हजार रुपये की किस्तों में लगातार रकम निकाली। जानकारी होने तक खाते से कुल १.१५ लाख रुपये गायब हो चुके थे। पीड़ित ने बताया कि यह उनकी मेहनत की कमाई थी, जिसे उन्होंने भविष्य के लिए बैंक में जमा किया था। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर वह परेशान हो गये और परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बैंक से लेनदेन का विवरण तथा मोबाइल नंबर व सिम से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी।

### २१९ ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर के साथ एक गिरफ्तार

कोरांव (प्रयागराज)। कोरांव पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर देवघाट बेलन नदी पुल के पास जलकल विभाग के सर्किट हाउस के पीछे से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से २१९ ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर और ३८० रुपये नकद बरामद किए गये। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित की पहचान विकास कुमार सिंह पुत्र चिरौंजी लाल सिंह के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कारवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रेम शंकर, उपनिरीक्षक शशि प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल अजय कुमार मिश्रा तथा कांस्टेबल सुशील कुमार और सुधाकर शामिल रहे।

## सड़क हादसे में घायल सब्जी विक्रेता की गयी जान

कोरांव। शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में घायल सब्जी विक्रेता शिव सोनकर उर्फ काजू (३५) की शनिवार दोपहर एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

नगर पंचायत कोरांव के आजाद नगर मोहल्ला निवासी शिव सोनकर पुत्र नंदलाल की कोरांव सब्जी मंडी में दुकान थी। वह छोटे भाई मुकेश के साथ कारोबार संभालता था। शुक्रवार रात वह पिकअप से सब्जी लेने मुंडेरा मंडी प्रयागराज जा रहा था। भीरपुर के आगे चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे पिकअप सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गयी। हादसे में रेलिंग टूटकर शिव के सीने में घुस गयी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे पहले निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन अस्पताल पहुंचाया। वहां शनिवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया। शिव की मौत से पत्नी करिश्मा, बेटी शगुन और छोटे भाई मुकेश का रो-रोकर बुरा हाल है। माता-पिता के निधन के बाद दोनों भाई मिलकर परिवार और कारोबार संभाल रहे थे। बड़े भाई की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शिव के निधन से कोरांव सब्जी मंडी में शोक का माहौल रहा। थोक विक्रेता गुरुदेव ने उसे व्यवहार कुशल और विनम्र स्वभाव का बताया। शनिवार शाम गुरुदेव, रवि मिश्रा, लवकुश मिश्र, आशीष मिश्र, नीरज कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, राकेश केशरी, रमेश केशरी, दीपू केशरी, चंदन कुशवाहा, रमेश प्रजापति और कन्हैया प्रजापति सहित अन्य सब्जी विक्रेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माकी शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## घूमने के बहाने बुलाकर युवक को लाठी-डंडों से पीटा, हालत गंभीर

घूरपुर (प्रयागराज)। बारा थाना क्षेत्र के गन्ने गांव निवासी २७ वर्षीय आकाश खान को उसके ही दो साथियों ने घूमने के बहाने बुलाकर लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ कारवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार, शनिवार शाम करीब पांच बजे आकाश के दो साथियों ने उसे शहर घूमने के लिए बुलाया था। घूरपुर पहुंचने पर दोनों उसे बाइक से सुजावन देव मंदिर ले गये। आरोप है कि वहां दोनों ने लाठी-डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। आकाश की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े तो आरोपित मौके से फरार हो गये। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गये। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, दोनों आरोपितों में एक गौहनिया और दूसरा जारी का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कारवाई की जायेगी।

### सड़क पर गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

घूरपुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के कंजासा चौराहे पर मछली मंडी के पास एक व्यक्ति अचानक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में चोट लगने से उसका काफी खून बहने लगा। घटना देखकर आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े और घायल को प्राथमिक उपचार दिया। ग्रामीणों ने ११२ नंबर पर फोन कर घटना की सूचना दी, लेकिन आरोप है कि मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंची। इसके बाद गांव के लोगों ने ई-रिक्शा की व्यवस्था कर घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान जारी निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई।

## छठ पूजा को लेकर पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नैनी (प्रयागराज)। लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। चार दिवसीय महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। मुख्य आयोजन के मद्देनजर नैनी के अरैल घाट पर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गयी हैं। पूर्वांचल छठ महासमिति की ओर से हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



समिति की ओर से घाटों का समतलीकरण कराया जा चुका है। व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट की साफ-सफाई और आकर्षक सजावट की जा रही है। भीड़ के बीच जरूरी सूचनाएं पहुंचाने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों की व्यवस्था भी की गयी है।

छठ पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसीपी करछना कुंजलता और नैनी इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ अरैल घाट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लेते हुए भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग और भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। महापर्व के तीसरे दिन १५ नवंबर को व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके लिए महिलाएं सूप और दउरा में फल, ठेकुआ सहित अन्य पूजन सामग्री लेकर घाट पहुंचेंगी। वहीं, १६ नवंबर की सुबह उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। इसके बाद व्रती महिलाएं ३६ घंटे का निर्जला व्रत पूरा कर पारण करेंगी।

### आजका मुहूर्त

दिनांक- १५ नवम्बर २०२६
संवत्- २०८३ तुला राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- कार्तिक शुक्ल पक्ष।
तिथि- षष्ठी रात्रि १०.२१ तक उपरान्त सप्तमी।
वार- रविवार।
नक्षत्र- उत्तराषाढ़ा रात्रि ०९.०७ तक उपरान्त श्रेवण।
योग- गण्ड रात्रि शेष ०५.४८ तक उपरान्त वृद्धि।
राशि- मकर।
सूर्योदय- ०६.३४ बजे
सूर्यास्त- ०५.२४ बजे
राहुकाल- सायंकाल ०४.३० से ०६ बजे तक।
भद्राकाल- नहीं है।
मुहूर्त- रविवार को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र से पुंसवन, सीमन्त, प्रसूती स्नान, व्यापार, दीक्षा ग्रहण, रक्तवस्त्र एवं प्रवाल रत्न धारण, आवेदन पत्र लेखन, औषधि सेवन आदि का मुहूर्त है।
विशेष- सूर्यषष्ठी व्रत कर्त्तव्य दिवस सायंकाल सूर्याध्य दानम् तथा दूसरे दिन अरूणोदय काल में सूर्याध्य दानमंत्रः एहि सूर्य सहस्त्रांसो तो राशि जगत्पते। अनुकम्पय मां भक्त्या गृहाणार्ध्य दिवाकर प्रतीहार षष्ठी एवं स्कन्ध षष्ठी।

## ३६ से अधिक सरकारी जमीनों से हटाया गया अवैध कब्जा

**थाना समाधान दिवस पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने छह तहसीलों में की कारवाई**

करछना (प्रयागराज)। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान जिले की छह तहसीलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों ने कारवाई करते हुए ३६ से अधिक सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। सरकारी भूमि पर कब्जे से संबंधित शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

कलेक्ट्रेट स्थित शिकायत सेल के प्रभारी अधिकारी के अनुसार, बारा तहसील के सेमरा कल्बना और मवैया पहलवान में चकमार्ग तथा सोनौर में तालाब की भूमि से अस्थायी कब्जा हटाया गया। मेजा तहसील के बेदौली और परानीपुर में चकमार्ग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया गया। कोरांव तहसील के देईबांध, सेमरिहा और सलैया में चकमार्ग से जुड़े तीन मामलों में अवैध कब्जा हटवाया गया।

करछना तहसील में ११ शिकायतों का निस्तारण किया गया। सेहरा, मडौका उपरहार और पिपरांव में चकमार्ग, लहबरा कोईलहा में रास्ते, भमोखर में बंजर तथा पिपरांव में अन्य सरकारी भूमि से कब्जा हटवाया गया। फूलपुर तहसील में नौ शिकायतों का निस्तारण करते हुए चक हाफिज उर्फ पूरे शीतल में रास्ते, रघुनाथपुर में खलिहान, सुदनीपुर में बंजर, मैलहन में ऊसर, बुआपुर, बंधवा ताहिरपुर, कुसुंगुर और चकफातमा उर्फ माधोपुर में चकमार्ग तथा फाजिलापुर में तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। इसी क्रम में सोरांव तहसील में सात शिकायतों का निस्तारण किया गया। खुटहना में रास्ते, घीनपुर में आबादी, उसरही में बंजर, रायपुर उर्फ पूरे कल्यानशाह, सुल्तानपुर खास, मोरहू उपरहार और मंहगूपुर में चकमार्ग की भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया। सभी स्थानों पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम की मौजूदगी में कारवाई की गयी।

### कार-बाइक की टक्कर में दम्पती गंभीर रूप से घायल

कोरांव (प्रयागराज)। बाइक और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर में बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

स्थानीय थाना क्षेत्र के बरहुला कला निवासी रामकृष्ण शनिवार सुबह अपनी पत्नी निर्मला के साथ बाइक से कोरांव से खीरी की ओर जा रहे थे। वे जैसे ही बिरहा गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी खीरी की ओर से कोरांव आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## बाइक की टक्कर के बाद मारपीट

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल बगिया इलाके में शनिवार को बाइक की टक्कर के बाद हुए विवाद में मारपीट हो गयी। घटना में एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया गया कि मेवालाल बगिया के पास रहने वाला आर्यन शनिवार को घर से बाहर निकला था। इसी दौरान भांग की दुकान के पास से बाइक सवार दो युवक निकले और उनकी बाइक आर्यन से टकरा गयी। इस पर आर्यन के विरोध जताने से दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गयी। आरोप है कि इसी बीच वहां पहुंचे होटल मालिक सौरभ तिवारी ने स्टील के मग से आर्यन के मुंह पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और छानबीन शुरू की। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि होटल मालिक सौरभ तिवारी की तलाश की जा रही है। पुलिस घटना के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## शुकदेव जन्म और परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का किया वर्णन

करछना (प्रयागराज)। तरौल गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा व्यास ने शुकदेव जी के जन्म, राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि के श्राप और भागवत कथा श्रवण के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित को जब सात दिन में मृत्यु का श्राप मिला तो उन्होंने राजपाट त्यागकर गंगा तट पर शुकदेव जी से भागवत कथा सुनी और मोक्ष प्राप्त किया। कथा व्यास ने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण और भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को कलि के प्रभाव से बचाता है। कथा के दौरान पंडाल में जय श्री राधे-कृष्ण के जयकारे गूंजते रहे।

कथा के गुरु महाराज जगदंबा प्रसाद मिश्र ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। मुख्य यजमान रमेश चंद्र मिश्र (कल्लू मिश्र), पूर्व प्रधान तरौल एवं पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ करछना, और उनकी पत्नी मीरा देवी मिश्रा ने व्यास पीठ पर विराजमान आचार्यों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। आयोजकों के अनुसार कथा प्रतिदिन दोपहर से शाम तक होगी। इसमें तरौल सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## रावण-कुंभकर्ण एवं मेघनाथ का पुतला दहन

झूंसी (प्रयागराज)। सनातन धर्म की आस्था और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को समर्पित छतनाग का ऐतिहासिक दशहरा मेला शुक्रवार देर शाम धूमधाम से आयोजित किया गया। झूंसी थाना क्षेत्र के छतनाग रोड स्थित जीटी रोड चौराहे से छतनाग तक करीब तीन किलोमीटर के दायरे में लगे पारंपरिक रामलीला मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भगवान श्रीराम के हाथों रावण वध की लीला के सजीव मंचन के बाद रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया गया।

इस दौरान पूरा मेला परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आदर्श रामलीला कमेटी छतनाग की ओर से नवयुवक मंगल दल के सहयोग से यह मेला पिछले ३६ वर्षों से सनातन परंपरा और धार्मिक उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। समय के साथ यह मेला क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रमुख केंद्र बन गया है।

मेले में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान सहित विभिन्न देवी-देवताओं की करीब एक दर्जन आकर्षक झांकियां निकाली गईं। झांकियों के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों, सनातन धर्म की महिमा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों में भारतीय लोक संस्कृति और धार्मिक विरासत की झलक देखने को मिली। देर रात तक झांकियों का कारवां चलता रहा और श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर नजर आए। मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए झूंसी पुलिस मुस्तैद रही। पुलिस चौकी प्रभारी सचिन तंवर अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार कश्यप ने भी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम आवागमन के लिए विशेष यातायात प्रबंध किए गये थे। इस अवसर पर अशोक यादव नेताजी, कार्तिकेय यादव, रविचंद यादव, पार्षद शिवनारायण यादव उर्फ धुन्नू, आनंद निषाद, गजराज पुरी और राजाराम निषाद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सूचना

मेरा सही नाम आकृति है डाकघर के सुकन्या योजना में भूल बस मेरा खाता जीविका के नाम से खुल गया है। मेरा सही नाम आकृति है ।मुझे आकृति के नाम से जाना व पहचाना जाए । आकृति पुत्री सभामणि निवासी ग्राम सिंघावल बदलापुर जौनपुर

### सूचना

**सूचना**-मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1199993 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र कहीं खो गया है प्रशांत कुमार बिन्द पुत्र लाल जी बिन्द जमुहर तिलोरा जौनपुर

**सूचना**-मेरा यू.पी.टी.ई.टी. वर्ष-2011 उच्च प्राथमिक स्तर अनुक्रमांक संख्या 12073816 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। सुरेन्द्र कुमार पुत्र-श्री जगरनाथ पता-ग्राम व पोस्ट-नौबरारदेवारा जदीद किता I , महराजगंज जनपद आजमगढ़ (उ.प्र.)

### सूचना

सर्वविदित हो कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं. B-2024 : 9-91760-001130 जारी दिनांक 19.02.2024 में मेरा नाम भूलवश दीपा देवी के स्थान पर दीपा यादव दर्ज हो गया है जबकि सही नाम दीपा देवी है जो कि आधार कार्ड में अंकित है अत : मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम दीपा देवी दर्ज किया जाना न्यायसंगत होगा। दीपा देवी पत्नी-प्रदीप कुमार यादव निवासिनी -5/5ए मालवीय रोड जार्जटाउन प्रयागराज उ.प्र.

## कार्यालय नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज

पत्रांक : 699 / न0पं0 कोरांव / पं0दी080 30न0वि0यो0-83/2026-27 दिनांक : 13.11.2026

### निविदा सूचना

नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज द्वारा पंजीकृत इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोराव प्रयागराज में शासनादेश सं0-384/2026/आर0एफ0-2019/नौ-9-2026/004 Com.No.-2096463 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 05.11.2026 के द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान सं0-83 के अन्तर्गत नगर पंचात्तय कोरीव प्रयागराज में अवस्थापना सुविधाओं के विकास से संबंधित कुल 16 विकास कार्यों हेतु रू0 105.64 लाख की प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसके कम में रू0 100.00 लाख के अनुमोदन के सापेक्ष रू0 50.00 लाख प्रथम किस्त के रूप में अवमुक्त है। प्राप्त धनराशि एंव द्वितीय किस्त की प्रत्याशा में नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज में अवस्थापना सुविधाओं हेतु कुल स्वीकृत 16 विकास कार्यों में से 14 विकास कार्य कराये जाने के लिये दिनांक 16.11.2026 अपरान्ह 12 बजे से दिनांक 07.12.2026 को अपरान्ह 12 बजे तक 14 विकास कार्यों हेतु सामान्य निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में कोई भी अतिरिक्त जानकारी एंव निविदा प्रपत्र कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज से प्राप्त की जा सकती है। दिनांक 07.12.2026 को अपरान्ह 12 बजे तक प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज में निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। संलग्न निविदा प्रपत्र मूल्य नगद / आरटीजीएस के माध्यम से नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज के खाता संख्या-50100215380314 IFSC-HDFC0009127 HDFC Bank कोरांव प्रयागराज में जमा करके प्राप्ति रसीद अथवा नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज के कोष में निविदा मूल्य नगद जमा करके प्राप्ति रसीद समस्त स्वहस्ताक्षरित अभिलेखों सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी मूल रूप से अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज के पदनाम से बंधक होगी, नियमानुसार निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। अपरिहार्य कारण व अवकाश की स्थिति उत्पन्न होने पर निम्न तिथियों में परिवर्तन सम्भव है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | आगणन की धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि 10% (लाख में) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 01 सुभाष नगर में में घईकार बस्ती नहर पुलिया से रिटेनिंगवाल के बगल इण्टर लाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 3.65 | 0.36 | 400 | 02 माह |
| 2 | वार्ड नं0 01 सुभाष नगर में सी0सी0 रोड से थईकार बस्ती के अन्दर गली में सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 7.30 | 0.73 | 800 | 02 माह |
| 3 | वर्ड नं0 03 गोविन्द नगर कुआ से नहर सी0सी0 रोड तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 8.72 | 0.87 | 900 | 02 माह |
| 4 | वार्ड नं0 04 चमनगंज में प्रेमकेशरी के मकान के बगल सोहनलाल के मकाना तक इण्टर लाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6.98 | 0.69 | 750 | 02 माह |
| 5 | वार्ड नं0 04 चमनगंज में डा0 जलालुद्दीन के मकान से सम्पर्क मार्ग तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6.38 | 0.63 | 700 | 02 माह |
| 6 | बार्ड नं0 04 चमनगंज में मोहम्मद हफीज के मकान से सुल्तान अली के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 3.75 | 0.37 | 400 | 02 माह |
| 7 | वार्ड नं0 06 शास्त्री नगर में सी0सी0 रोड से दरोगा के मकान के सामने तक सी0सी0 सड़क व आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 5.24 | 0.52 | 600 | 02 माह |
| 8 | वार्ड नं0 08 शहीद नगर में लालजी मास्टर के घर से बृजेश श्रीवास्तव के घर तक इण्टर लाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 141 | 0.14 | 200 | 02 माह |
| 9 | वार्ड नं0 08 शहीद नगर में गोपाल विद्यालय में मेन गेट से इण्टरलाकिंग सड़क तक व गैलरी के सामने से मेन विल्डिंग तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 7.47 | 0.74 | 850 | 02 माह |
| 10 | वार्ड नं0 08 शहीद नगर में ए0लर्निंग क्लासेस कोचिंग से सम्पर्क मार्ग तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 5.21 | 0.52 | 600 | 02 माह |
| 11 | वार्ड नं0 10 शहीद आर0 के0 तिवारी नगर में थईकार बस्ती के सामने सी0सी0 रोड से इंटर लाकिंग सड़क तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य । | 2.51 | 0.25 | 300 | 02 माह |
| 12 | वार्ड नं0 09 बहादुरशाह नगर में अटल सरोवर क्रे पूर्वी गेट से सी0सी0 रोड तक अप्रीच सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 3.06 | 0.30 | 400 | 02 माह |
| 13 | वार्ड नं0 02 अम्बेडकर नगर में बब्लू मौर्य के मकान से सम्पर्क मार्ग तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 9.90 | 0.99 | 1100 | 02 माह |
| 14 | वार्ड नं0 02 अम्बेडकर नगर में श्यामधर मिस्त्री के मकान से नहर पुलिया तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 4.89 | 0.48 | 550 | 02 माह |

नोटः-1. निविदा के सम्बन्ध में नियम व शर्त का विवरण किसी भी कार्य दिवस में में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकाता है।
2. योजना के अन्तर्गत क्रय एंव अधिष्ठापन हेतु स्वीकृत कार्य जेम पोर्टल के माध्यम से किये जायेंगे।

अधिशासी अधिकारी
पंचायत कोरांव
प्रयागराज

अध्यक्ष
पंचायत कोरांव
प्रयागराज

## पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदया की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल द्वारा भारतीय रेलवे में पंजीकृत वेंडरों से ई-नीलामी के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह ई-नीलामी पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल की सामान्य एवं एलएचवी कोचों के रूप में संचालित विभिन्न मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में 3.9/4 टन क्षमता वाले एसएलआर तथा 24 टन क्षमता वाले वीपीयू के पट्टे पर आवंटल हेतु की जा रही है।
उक्त कार्यों/पट्टों का आवंटन 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र पंजीकृत वेंडर निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

**ई-नीलामी कैटलाग सं. BSBPARCELLEASING**

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | ई-नीलामी तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| 1 | गाडी संख्या 14853 का FSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-10.30 |
| 2 | गाडी संख्या 19046 का FSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-10.40 |
| 3 | गाडी संख्या 22585 का FSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-10.50 |
| 4 | गाडी संख्या 13138 का FSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-11.00 |
| 5 | गाडी संख्या 11072 का FSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-11.10 |
| 6 | गाडी संख्या 22589 का FSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-11.20 |
| 7 | गाडी संख्या 15138 का RSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-11.30 |
| 8 | गाडी संख्या 14865 का FSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-11.40 |
| 9 | गाडी संख्या 12559 का RSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-11.50 |
| 10 | गाडी संख्या 20942 का RSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-12.00 |
| 11 | गाडी संख्या 14863 का FSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-12.10 |
| 12 | गाडी संख्या 13048 का RSLR कम्पर्टमेंट का लीजिग | 25.11.26 | 10.00-12.20 |
| 13 | गाडी संख्या 22536 का FSLR कम